तैयारियां — सुभाष कॉलोनी दमोह में होंगे विविध आयोजन

# हनुमान जन्मोत्सव पर शोभायात्रा व विशाल भंडारा का आयोजन

**नवभारत,दमोह.प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव पर सुभाष कॉलोनी दमोह एल आई सी ऑफिस के पास हनुमान मंदिर में भव्य शोभायात्रा यात्रा व हनुमान चालीसा आज से शुरू आज विशाल शोभा यात्रा जो कि शहर के मुख्य मार्गो से होती हुई निकाली जाएगी.** तत्पश्चात विशाल भंडारा किया जाएगा।





## हनुमान जन्मोत्सव पर अखंड राम धुन

33वें हनुमान जन्मोत्सव पर अखंड राम धुन 72 घंटे की हनुमान मंदिर गुंजी तिग्डडा पर चल रही है.जिसमें आज हवन भंडारा का आयोजन आयोजक पवन उपाध्याय गुंजी तिग्डडा द्वारा किया जा रहा है.







## आज श्री हनुमान जन्मोत्सव पर जगह-जगह हवन पूजन के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी

श्री हनुमान जन्मोत्सव को लेकर श्री गौरी शंकर दुर्गा उत्सव समिति के तत्वाधान में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा.यह शोभायात्रा का आयोजन आज शाम 7 से दमोह शहर के गौरीशंकर (यशवंत चौक) से प्रारंभ होते हुए महाकाली चौक, बड़ा पुल, घंटाघर,बकौली चौक,टाकीज तिराहा,पुराना थाना, सिटी नल, महाकाली चौक होते हुए वापस गौरीशंकर मंदिर में समापन होगा. नित्या प्यासी, विक्रांत गुप्ता, दयालू ठाकुर और भी आयोजकों ने समस्त श्री हनुमान भक्तों से आग्रह किया है कि आप सभी शोभायात्रा में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करें. इसी को लेकर दमोह कलेक्टर श्री कोचर और पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी के निर्देशन में आयोजकों और पुलिस प्रशासन के बीच एक बैठक सिटी कोतवाली में संपन्न हुई.जिसमें एसडीएम सौरभ गंधर्व ने शोभायात्रा में व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए .साथ ही निकलने वाली शोभायात्रा का मार्ग का भी निरीक्षण कर बेहतर व्यवस्थाएं बनाने के निर्देश दिए हैं.

## श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में 24 घंटे सुंदरकांड पाठ का आयोजन

ग्राम गुंजी बीच बस्ती स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में 24 घंटे सुंदरकांड पाठ का आयोजन के साथ आज विधि-विधान से हनुमान जी का पूजा अर्चन के उपरांत हवन-पूजन और कन्या भोज के साथ श्री हनुमान प्रकटोत्सव कार्यक्रम संपन्न होगा.श्री हनुमान जी की अध्यक्षता में और आयोजक उमा प्रसाद असाटी,विजय,रवि असाटी,कैलाश,नीरज,जगदीश, रोहित, भानु सहित समस्त असाटी गुंजी परिवार और ग्राम वासियों की मौजूदगी में यह कार्यक्रम होगा.

## हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर भगवान का अभिषेक होगा

श्री श्री 108 महावीर जी मंदिर के बगीचा में हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर सुबह भगवान का अभिषेक होगा और सुंदरकांड पाठ साथ ही हनुमान चालीसा पाठ के उपरांत भगवान की आरती पुन:होगी.उसके बाद हवन पूजन दिन के 11 से कन्या भोज, भंडारा 3 बजे तक होगा. उसके बाद भगवान की विशाल शोभायात्रा मंदिर प्रांगण से शहर की ओर प्रस्थान करेगी. समस्त नगर वासियों से माता बहनों से नौजवान युवा साथियों से निवेदन है .शोभायात्रा में सम्मिलित होकर धार्मिक लाभ उठाएं.

## नवप्रवेशित छात्रों का तिलक लगाकर किया स्वागत

### संकुल कुम्हारी से जुड़ी शालाओं में प्रवेश उत्सव मनाया गया



**कुम्हारी नवभारत 1 अप्रैल। संकुल कुम्हारी से जुड़ी शालाओं में प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस दौरान नवप्रवेशित छात्रों का तिलक लगाकर पुष्प वर्षा कर विद्यालय में प्रवेश में स्वागत किया गया।**

कुम्हारी संकुल के तहत प्राथमिक शाला धनगुवा, माध्यमिक शाला हिनोति, प्राथमिक पड़री, रसुईया, बक्सरी, खकरा, कालाकोट, देवरी रतन, झिन्ना आदि में प्रवेश उत्सव मनाया गया। प्राथमिक शाला सुजानपुरादान में सर्वप्रथम मां सरस्वती का पूजन किया गया। इसके बाद विद्यारम्भ संस्कार हुआ और नए छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को नि:शुल्क पुस्तकें, पेन, स्लेट, पेंसिल आदि सामग्री का वितरण किया गया।

## पांच जन प्रतिनिधियों ने एक साथ प्रवेशोत्सव में बांटे आकर्षक उपहार





नवभारत,दमोह। शासकीय उर्दू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह में प्रवेशोत्सव में आमंत्रित जन प्रतिनिध श्रीमती कविता राय पार्षद बजरिया 7,बजरिया 5 से पार्षद हेमराज,बजरिया 1 से पार्षद श्रीमती फरहीन नाज, सिविल वार्ड एक से पार्षद रमेश राठौर,बजरिया 2 से पार्षद श्रीमती हलीमा सादिया प्रतिनिधि पति शेख रफीक के द्वारा समस्त बच्चों को आकर्षक उपहार भेंट किये गए।प्राचार्य नाजिर खान के निर्देशन में समस्त स्टाफ ने छात्र/छात्राओं पर पुष्प वर्षा कर विद्यालय में प्रवेश कराया। नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक प्रभारी आर.जी. चौधरी व नसीम अहमद ने पुस्तकें वितरित की।इस अवसर पर सभी जनप्रतिनिधियों ने छात्र छात्राओं को उज्जव भविष्य की कामना करते हुए बधाई प्रेषित की।श्रीमती कविता राय ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए मप्र शासन की विभिन्न जन हित व छात्र हित की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा प्राप्त कर अपने अपने जीवन को संस्कारमय बनाने व प्रत्येक सकारात्मक क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने की बात की।प्राचार्य नाजिर खान ने जन प्रतिनिधियों, अभिभावकों व छात्र छात्राओं का ध्यान आकर्षित कराते हुए कहा कि विद्यालय में हिन्दी,उर्दू,संस्कृत भाषा के साथ कला व गणित, विज्ञान समूह तथा वोकेशनल विषय आई टी ई एस व एग्रीकल्चर विषय संचालित हैं जो छात्र छात्राओं को आत्म निर्भर बनाने की दिशा में सरकार की सार्थक पहल है

## डायल 112 सेवा संजीवनी के रूप में स्थापित हो रही

नवभारत,दमोह.जिला दमोह में डायल 112 सेवा,डायल 112 कंट्रोल रूम व जिले के पायलट थाना स्टाफके संयुक्त समन्वय व तत्परता के परिणामस्वरूप आमजन में यह सेवा संजीवनी के रूप में स्थापित हो रही है.पिछले एक सप्ताह के दौरान डायल 112 द्वारा लगातार सक्रियता दिखाते हुए दर्जनों घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाकर उपचार दिलाया गया.वहीं,थाना पटेरा व थाना बटियागढ़ क्षेत्र में आत्महत्या के प्रयास की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित व्यक्तियों को अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाई गई.





# युवक क्रांति संगठन का अभा हास्य कवि सम्मेलन आयोजित

### स्मारिका विमोचन,शपथ ग्रहण के साथ सम्मानित हुई प्रतिभाएं



नवभारत,दमोह। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कवि स्व.प्रेमचंद जैन विद्यार्थी को समर्पित अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन युवक क्रांति संगठन के द्वारा स्थानीय कीर्ति स्तंभ चौराहा पर अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन,वार्षिक स्मारिका का विमोचन, महिला शाखा शपथ ग्रहण व प्रतिभा सम्मान का भव्य आयोजन किया गया।प्रथम चरण में अतिथियों ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया प्रथम चरण में स्वागत उपरांत संयोजक सुधीर विद्यार्थी ने संगठन की 48वर्षो की रचनात्मक यात्रा पर प्रकाश डाला महामंत्री मनोज जैन पत्रकार ने संगठन की आगामी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुये सभी से सहयोग हेतु अपील की कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष दिनेश प्यासी,नेहा बजाज,रेखा सिंघई ने किया। प्रथम चरण में अतिथि तत्कालीन कलेक्टर प्रभुदयाल मीना ने पुरानी यादों पर प्रकाश डालते हुए गत से वर्तमान तक युवक क्रांति संगठन द्वारा किये जा रहे कार्यो पर प्रकाश डालते हुए कवि स्व प्रेमचंद विद्यार्थी द्वारा पूर्व में राजस्व विभाग की सेवाओं की सराहना की।पूर्व न्यायमूर्ति श्रीमती विमला जैन ने युवक क्रांति संगठन की नवीन महिला शाखा पदाधिकारियों को शपथ दिलाते हुए संगठन द्वारा किये जा रहे सामाजिक, साहित्यिक व रचनात्मक कार्यो की प्रशंसा की। साथ ही अतिथि पूर्व कलेक्टर सुरेश जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, संजय पुजारी, सरपंच जयपाल यादव, पूर्व डी. एफ.ओ. अजय भट्टाचार्य, एन.एस.यू. आई के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे, इंजी. आर.के.जैन, रूपचंद जैन, सी.ई.ओ, डॉ.विक्रांत चौहान, डॉ.केदार नाथ शर्मा,डॉ.चेतन जैन,डॉ.आर.के.जैन, विनय मलैया, लालचंद राय,अमर सिंह राजपूत, पत्रकार नरेन्द्र बजाज,राजुल शेखर जायसवाल गाडरवारा,आदि अतिथियों के साथ कविगणों का स्वागत सुधीर विद्यार्थी, मनोज जैन, सौरभ विद्यार्थी, दिनेश प्यासी आदि रहें.

## शासकीय एकीकृत शाला सलैया अहरौरा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया प्रवेश उत्सव



दमोह। शासन के निर्देशानुसार शासकीय एकीकृत शाला सलैया अहरौरा में प्रवेश उत्सव का आयोजन बड़े उत्साह और गरिमा के साथ किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य नवीन छात्रों का स्वागत कर उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित करना रहा।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमति पूजा मलैया की गरिमामयी उपस्थिति रही।उन्होंने शाला में नवप्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद किया तथा उन्हें शिक्षा के महत्व के बारे में बताया।इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों का तिलक लगाकर,पुष्प भेंट कर स्वागत किया और उन्हें नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकें प्रदान कर विधिवत शाला में प्रवेश दिलाया।इस अवसर पर पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष अभिलाष हजारी,सलैया के सरपंच आनंद सिंह लोधी, शाला प्रभारी श्रीमति कविता चौधरी,बबिता रोहितास,बलराम त्रिवेदी आदि रहें

## प्रतिभाशाली छात्रा सारथिका जैन ने कक्षा पांचवी में हासिल किया प्रथम स्थान, 93 .5 अंक प्राप्त



नवभारत,जबेरा/दमोह. राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा आयोजित कक्षा पांचवी की परीक्षा में जबेरा नगर की होनहार छात्रा सारथिका जैन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 93.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार,विद्यालय और पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। सारथिका जैन, पिता ओम प्रकाश जैन एवं माता मनीषा जैन (गृहिणी) की सुपुत्री हैं। उन्होंने सरस्वती शिशु विद्यालय में अध्ययन करते हुए यह सफलता अर्जित की।विद्यालय के शिक्षकों ने उनकी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा अंकसूची सील्ड प्रदान की।

## महुआ बीनने गया बालक का कुए में मिला शव



**नवभारत,तेंदुखेडा/दमोह.** जनपद पंचायत के ग्राम सैलवाडा मे घर से महुआ बीनने का कह कर सुबह करीब 9 बजे घर से निकले बालक का शव ग्राम के ही हल्लु विश्कर्मा के खेत मे बने कुआं में मिला. परिजनों को जानकारी लगते ही ग्राम में कोहराम मच गया.लोगों की मदद से बालक को कुएं से निकालकर स्वस्थ केंद्र लाया गया.जहां डाक्टर ने जांच के बाद बालक को मृत घोसित कर दिया.जानकारी लेने पर परिजनों ने बताया की बालक सुमित पिता राजकुमार रैकवार उम्र करीब 14 वर्ष सुबह करीब 9 बजे घर में यह कह कर गया था कि महुआ बीनकर अभी आता हूं, मगर उसका शव तालाब के पास बने कुआं में मिला. उक्त कुआं ग्राम के हल्लू विश्कर्मा का है. बालक के चाचा मनोज रैकवार ने बताया की बालक सुमित घर में महुआ बीनने का कहकर गया था पर उसका शव 2 घंटे बाद कुआं में मिला. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है.14 वर्षीय बालक की अचानक इस तरह मौत होने से ग्राम में दुख व्याप्त हो गया.सुमित के पिता रामकुमार ने बताया की पति पत्नी बेटा सुमित सुबह 5 बजे ग्राम मे महुआ बीनने गए थे.हम लोग महुआ बीनकर घर वापिस आने लगे,तो सुमित ने कहा की में अभी आता हूं.वह साईकिल से निकला परतु वह घर नहीं पहुंचा तो सुमित की मां धुड़ने निकाली. करीब 1 घंटे बाद सुमित की साईकिल कुआं के पास मिली.

# करंट लगने से लाइनमैन की मौत

**नवभारत,दमोह.** जिले के रनेह थाना क्षेत्र के बिलाखुर्द गांव में मंगलवार दोपहर एक दर्दनाक घटना घट गई.जब बिजली सुधार कार्य कर रहे लाइनमैन को करंट लगने के कारण उसकी मौत हो गई.मृतक की पहचान ओमकार पिता भागीरथ पटेल (33) के रूप में हुई है, जो मडियादो थाना के शिवपुर गांव का निवासी था और पटेरा पावर हाउस में लाइनमैन के रूप में कार्यरत था.स्थानीय निवासियों की शिकायत पर ओमकार अपने साथियों के साथ बिजली लाइन की मरम्मत करने पहुंचे थे.इस कार्य के लिए उचित परमिट लिया गया था और लाइन को बंद कर दिया गया था. लेकिन जैसे ही ओमकार ने खंभे पर चढ़कर काम शुरू किया, किसी के द्वारा अचानक बिजली लाइन चालू कर दी गई, जिससे ओमकार को करंट लग गया और वह नीचे गिर पड़ा.घायल अवस्था में उसे जिला



## 40 वर्षीय व्यक्ति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या पुलिस जांच में जुटी

दमोह। बनवार चौकी मुख्यालय के अंतर्गत बीती शाम एक व्यक्ति द्वारा अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है. घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है.प्राप्त जानकारी के अनुसार,कृष्णा कुमार (पिता नारायण आदिवासी),उम्र 40 वर्ष,निवासी बनवार ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर में फांसी लगा ली. परिजनों को जब घटना का पता चला, तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी.सूचना मिलते ही बनवार चौकी प्रभारी मनीष यादव मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया.पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर मामला जांच में ले लिया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा भेज दिया है.फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है.

### एक नजर में

## पूर्व कलेक्टर मीणा दमोह आये, कलेक्टर बंगला पहुंचकर अपनी यादें ताजा की



नवभारत,दमोह.दमोह जिले में पदस्थ रहे पूर्व कलेक्टर पी.डी. मीणा सपत्नीक श्रीमती प्रभावती मीणा के साथ 31 मार्च 2026 को दमोह आगमन हुआ। श्री मीणा एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने दमोह आये हुये थे,उन्होंने कलेक्टर बंगले पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर और उनकी माता जी श्रीमती सुलोचना कोचर से मुलाकात की और जिले के बारे में जानकारी ली, कलेक्टर श्री कोचर ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया और बताया यह कलेक्टर बंगला 100 वर्ष का हो गया है,स्वर्ण जयंती मना रहा है, एक डॉक टिकिट भी जारी किया गया है, सर्किट हाऊस के साथ अन्य भवनों की चर्चा भी हुई। पूर्व कलेक्टर श्री मीणा वर्ष 09 जून 1986 से 30 जून 1988 तक दमोह कलेक्टर रहे।कलेक्टर बंगले पर श्री मीणा ने बताया यहां पहली कलेक्टर पद पर ज्वाईन की थी,तब कलेक्टर कार्यालय पुरानी भवन में लगता था, उस दौर में दमोह के लिए उन्होंने बहुत कुछ किया स जिले के नगरिकों की सुविधा के लिए सिंगल विंडो सिस्टम चलाया जिससे लोगों की शिकायतों का निराकरण शीघ्र हो सके,प्रशासन गांव की ओर शिविर भी लगवाए।



## सुभाष कॉलोनी से शुरू हुआ 60 दिन का मिशन, कलेक्टर सख्त, नालों की सफाई के दिये निर्देश

**नवभारत,दमोह।** शहर के प्रमुख विकास और जल संवर्धन कार्यों को लेकर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर बुधवार सुबह 8 बजे से मैदानी भ्रमण पर निकले।उनके साथ एसडीएम सौरभ गंधर्व,सीएमओ राजेन्द्र सिंह लोधी तथा राजस्व विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।टीम ने सुभाष कॉलोनी सहित विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर विकास कार्यों की समीक्षा की और आगामी कार्यों की स्पष्ट टाइमलाइन तय की।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री कोचर ने निर्देश दिए कि सुभाष कॉलोनी में कार्य आज दोपहर 2 बजे से तत्काल प्रभाव से शुरू किया जाए।

## पुलिस की कार्यवाही, फरार आरोपी गिरफ्तार



**नवभारत,दमोह.** पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को फरार आरोपियो की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया है,जो उक्त निर्देशों के पालन में पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दमोह व नगर पुलिस अधीक्षक दमोह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार के नेतृत्व में दमोह कोतवाली पुलिस द्वारा 1 अप्रैल 26 को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना कोतवाली के अप.क्र. 858/25 मे घटना दिनांक से फरार चल रहे आरोपी फहीम पिता पप्पू पठान निवासी कसाई मंडी दमोह को गिरफ्तार किया गया.गिरफ्तार आरोपी फहीम पिता पप्पू पठान निवासी कसाई मंडी से जप्तसुदा संपत्ति एक 315 बोर का देशी कट्टा मय एक राउण्ड के सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारी निरी. मनीष कुमार, प्र.आर.हेमंत अवस्थी, प्र.आर. अभिषेक चौबे, प्र.आर. अजीत दुबे, प्र.आर. महेश यादव, आरक्षक नरेन्द्र पटैरिया, आरक्षक ब्रजेन्द्र मिश्रा, आदि रहें।

## चौकी फुटेरा थाना बटियागढ़ पुलिस ने आबकारी एक्ट के प्रकरण पंजीबद्ध किये

**नवभारत,बटियागढ़/दमोह.** पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को अवैध शराब के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है.उक्त निर्देशो के पालन में दिनांक 31 मार्च 226 को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व एसडीओपी पथरिया के मार्गदर्शन में निरीक्षक रजनी शुक्ला थाना प्रभारी बटियागढ़ के नेतृत्व के चौकी प्रभारी फुटेरा आनंद कुमार व स्टाफद्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर कार्यवाही की गई.



कार्यवाही — एसडीएम की मौजूदगी में शराब दुकान हुई सील

# 24 घंटे के धरने के बाद झुका प्रशासन

**नवभारत,दमोह. जिले के ग्राम बांसातारखेड़ा देवरान में अवैध शराब बिक्री के विरोध में ग्रामीणों का आक्रोश उस समय चरम पर पहुंच गया,जब भगवती मानव कल्याण संगठन व भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ -साथ ग्राम के पुरुषों और महिलाओं ने मिलकर 24 घंटे तक लगातार धरना प्रदर्शन किया.**



धरने में बड़ी संख्या में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली. ग्रामीणों का आरोप था कि शराब दुकान के कारण गांव का वातावरण खराब हो रहा है और युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है.धरने की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया और मौके पर एसडीएम सहित पुलिस व आबकारी विभाग की टीम पहुंची.अधिकारियों ने ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और स्थिति का जायजा लिया.लगातार 24घंटे तक चले इस धरने और बढ़ते जनदबाव के बाद,प्रशासन को आखिरकार कार्रवाई करनी पड़ी और एसडीएम की मौजूदगी में बांसातारखेड़ा देवरान स्थित शराब दुकान को सील कर दिया गया.

> ग्रामीणों ने इसे अपनी एकजुटता की जीत बताते हुए प्रशासन का आभार जताया,साथ ही चेतावनी दी कि यदि भविष्य में दोबारा शराब बिक्री शुरू हुई तो वे फिर से आंदोलन करने को मजबूर होंगे.


## नोटिस

श्री राजेन्द्र ठाकुर, राधा कृष्ण ग्रुप, डॉक्टर संगतानी के बाजू से डिग्री कालेज के सामने दमोह, निवास ग्राम आबूखेडी तहसील पथरिया को सूचित किया जाता है कि आपने यश इंटरप्राइजेज, प्रो. प्रदीप सिंह राजपूत से लिए सामान के बदले 200000 रुपए का चेक क्र. 000011 बैक आप बड़ौदा का चेक दिया था, जिसको बैंक में जमा करने पर खाते में पर्याप्त राशि न होने पर 12/02/26 को आनाद्रित हो गया। 200000 रुपए 15 दिवस के अन्दर भुगतान कर दे, अन्यथा की स्थिति में न्यायालय में उचित कार्यवाही की जावेगी।

भरत सेन एडव्होकेट
सिविल कोर्ट दमोह

## नोटिस

श्री साकेत पटेल पिता दशरथ पटेल, निवासी ग्राम रूसल्ली तहसील हटा को सूचित किया जाता है कि आपने यश इंटरप्राइजेज, प्रो. प्रदीप सिंह राजपूत से लिए सामान के बदले 169000 रुपए का चेक क्र. 33022963 यूनियन बैक आप इंडिया का चेक दिया था, जिसको बैंक में जमा करने पर खाते में पर्याप्त राशि न होने पर 16/02/26 को आनाद्रित हो गया, 169000 रुपए 15 दिवस के अन्दर भुगतान कर दे. अन्यथा की स्थिति में न्यायालय में उचित कार्यवाही की जावेगी।

भरत सेन एडव्होकेट
सिविल कोर्ट दमोह